उत्तराखंड में अब स्कूली बच्चों को आधार की तरह जारी होगा परमानेंट एजुकेशन नंबर

चर्चा में क्यों?

6 दिसंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड में अब स्कूली बच्चों को आधार की तरह परमानेंट एजुकेशन नंबर जारी किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- वर्तमान में कक्षा 9 और कक्षा 11वीं में बच्चों को स्कूल में पंजीकरण करना होता है।
- लेकिन, यूडाईज पोर्टल अपडेट होने के बाद कक्षा एक से ही बच्चे को एक परमानेंट एजुकेशन नंबर जारी कर दिया जाएगा, जो 12वीं तक मान्य रहेगा।
- भविष्य में किसी भी स्कूल से बच्चों की गलत या फर्जी टीसी जारी न हो, इसके लिये परमानेंट एजुकेशन नंबर (पीईएन) के आधार पर ही बच्चों को टीसी जारी की जाएगी।
- पोर्टल में न सिर्फ बच्चों, बल्कि स्कूल व शिक्षकों का डाटा भी उपलब्ध कराना होगा।
- पोर्टल में शिक्षकों का डाटा अपलोड होने के बाद एक शिक्षक सिर्फ एक ही स्कूल में पढ़ा सकेगा। जबकि, विद्यार्थियों से जुड़ी सभी जानकारी इस पोर्टल पर स्कूल ही अपलोड करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/now-permanent-education-numbers-will-be-issued-to-school-children-in-uttarakhand-like-aadhaar